# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सुबह गोरखपुर में राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन करेंगे और एकता पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती और राष्ट्र गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन शहर के नगर निगम परिसर में किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। एकता पद यात्रा के लिये शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस दस नवम्बर से लखनऊ में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फोरेंसिक विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र नई दिल्ली के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चौदह नवम्बर तक चलेगा। संस्था के अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा ने बताया है कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों–दिल्ली, केरल, तेलंगाना, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश और ओडिशा के उपनिरीक्षक से लेकर उपाधीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

**********

वाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरे स्टेडियम में लगातार दूसरे दिन आज अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित हुयी। भर्ती प्रक्रिया में क्लर्क और ट्रेड मैन पद के लिये कुल एक हजार तीस अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें चार सौ इक्यावन अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये। कल से शुरू हुयी यह भर्ती रैली इक्कीस नवम्बर तक चलेगी। इस रैली में बारह जिलों आजमगढ़, बलिया, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, मऊ, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र और वाराणसी के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के बाद बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि फुटवेयर के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं।

***अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने परिधान और फुटवेयर सहित विभिन्न उद्योगों में कर संरचना को सरल बनाया है। कंपोजिशन लेदर और टैनिंग या क्रस्टिंग के बाद तैयार किए गए चमड़े पर लगाए जाने वाले कर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे निर्माताओं की इनपुट लागत में कमी आई है और देश के भीतर उत्पादन बढ़ा है। इसके अलावा, दौ हजार पांच सौ रूपये तक के फुटवेयर पर वस्तु और सेवा कर को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से युवा निर्माताओं को सीधे लाभ मिल रहा है और उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद अब अधिक सुलभ हो गए हैं। ऋषू जायसवाल के साथ दिपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार,दिल्ली।***

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी जिलों में पन्द्रह नवम्बर तक गणना प्रपत्र शत प्रतिशत वितरित कर दिये जाएं। इस कार्य में किसी भी स्तर की लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए।

**********

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति–दो हजार बाइस के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया है कि इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्म और पर्यटन को एक सूत्र में बांधना है।

**********

रेल यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे ने आधिकारिक मोबाइल ऐप रेल–वन लांच कर दिया है। यह ऐप रेलवे की कई सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मुहैया करायेगा। इसके जरिये लोग आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे। इसके अलावा शिकायत निवारण तक की सभी सुविधाएं इस ऐप के जरिये मिल सकेंगी।

**********

पुलिस भर्ती की तरह होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। इसे लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जरूरी सूचनायें भरकर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की जाने लगी है और मौसम शुष्क हो गया है। अधिकांश जिलों में कोहरा पड़ने की शुरूआत भी हो गयी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट दर्ज किये जाने का क्रम जारी रहेगा। इसके चलते ठंड में बढ़ोत्तरी दर्ज की जायेगी।

**********